एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

गिफ्ट किए हुए जूते नहीं लेतीं सोनम कपूर, करती हैं एक टोटका!

बॉलिवुड की फैशन क्वीन सोनम कपूर अपने स्टाइल स्टेटमेंट्स के लिए चर्चा में रहती हैं। अपने आउटफिट्स से लेकर फुटवेअर और उनके लुक में सबकुछ हमेशा टिप-टॉप रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, गिफ्ट किए हुए जूतों को लेकर सोनम जरा अंधविश्वासी हैं।

जूमटीवी.कॉम से बातचीत के दौरान उन्होंने इस बात का खुलासा किया। सोनम का मानना है कि जब आपको कोई जूते गिफ्ट करता है तो आपको उन्हें टोकन के रूप में ही सही पर कुछ पैसे दे देने चाहिए चाहे 1 रुपया क्यों न दें। उनका मानना है कि ऐसा करने से बैड लक दूर नहीं आता। वैसे भारत में कई लोग यह बात मानते हैं और मजेदार बात है कि सोनम उनमें से एक हैं। अगर सुपरस्टिशंस की बात करें तो सोनम की अपकमिंग फिल्म द जोया फैक्टर भी इसी थीम पर बेस्ड है। फिल्म में वह साउथ सुपरस्टार दलकीर सलमान के साथ नजर आएंगी। दलकीर फिल्म कारवां से बॉलिवुड डेब्यू किया था इसमें उनके साथ इरफान खान और मिथिला पाल्कर थीं।

...तो इसलिए भंसाली से मिलने ट्रडिशनल लुक में जाती हैं आलिया

ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट कुछ दिनों पहले निर्देशक संजय लीला भंसाली से मिलने पहुंची थीं। कयास लगाए जाने लगे कि भंसाली ने अपनी फिल्म इंशाअल्लाह फिर से शुरू कर दी है। उस वक्त आलिया ने ट्रडिशनल ड्रेस पहनी थी। इस बार फिर आलिया भंसाली से मिलने उनके ऑफिस पहुंचीं और वह भी ट्रडिशनल ड्रेस यानी कुर्ता प्लाजो में। क्या आप जानते हैं कि आलिया जब भी भंसाली से मिलने जाती हैं तो ट्रडिशनल लुक में ही क्यों जाती हैं? आइए आपको बताते हैं। दरअसल भंसाली चाहते हैं कि उनकी फिल्मों में काम करने वाले कलाकार जब भी उनसे मिलने आएं तो अपने किरदारों की तरह ड्रेसअप होकर आएं। अब आलिया भंसाली की आने वाली फिल्म इंशाअल्लाह में एक मुस्लिम लड़की के किरदार में नजर आएंगी। हो सकता है कि इसी वजह से आलिया भंसाली से मिलने इस अवतार में जाती हों। उन्हें भंसाली से मिलने जाते वक्त यादातर सलवार सूट या अनारकली में ही देखा गया है। वैसे बता दें कि इंशाअल्लाह को हाल ही में ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। लेकिन ऐसी भी रिपोर्ट्स हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि फिल्म में रितिक रोशन सलमान खान को रिप्लेस करने वाले हैं। पहले आलिया के ऑपोजिट सलमान को ही इस फिल्म के लिए साइन किया गया था। लेकिन कुछ वजहों के कारण यह फिल्म अभी अधर में लटकी है। कब शुरू होगी, कुछ कहा नहीं जा सकता। आलिया की अन्य फिल्मों की बात करें, तो वह रणबीर कपूर के ऑपोजिट अयान मुखर्जी की सुपरहीरो फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगी। यह 2020 में रिलीज होगी। इसके अलावा वह अपने पापा महेश भट्ट की निर्देशित फिल्म सड़क 2 में भी दिखेंगी। इसमें उनके अलावा संजय दत्त और बहन पूजा भट्ट भी नजर आएंगी। आलिया के पास एक तेलुगु भाषा की फिल्म भी है।